
मंत्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी।



## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने मंत्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट की

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने उनसे उत्तराखण्ड से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को पर्यावरण मंत्रालय में राज्य के लम्बित मामलों के संबंध में जानकारी देते हुए इनके शीघ्र निस्तारण का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को उत्तराखण्ड के विकास में हर सम्भव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।



### सीएम ने अस्पताल में भर्ती विधायक देशराज कर्णवाल का स्वास्थ्य जाना

**संवाददाता** देहरादून। दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात के बाद उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी अब दून लौट आए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दिल्ली के मैक्स अस्पताल में भर्ती विधायक देशराज कर्णवाल से भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कर्णवाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मुख्यमंत्री के साथ विधायक राजेश शुक्ला ने भी कर्णवाल से उनकी कुशलक्षेम पूछी।

### व्यावसायिक वाहनों के शुल्क पर नए सिरे से विचार

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश में अब दो राज्यों के बीच चलने वाले व्यावसायिक वाहनों के शुल्क में बदलाव की तैयारी चल रही है। इसके लिए दूसरे राज्यों में लिए जाने वाले शुल्क का अध्ययन किया जा रहा है। परिवहन विभाग अब गैरमुनाफे वाले मार्गों पर वाहनों का संचालन प्रोत्साहित करने के लिए टैक्स में संशोधन करने की तैयारी भी कर रहा है। प्रदेश में दो राज्यों के बीच चलने वाले वाहनों से दोनों राज्यों का शुल्क लिया जाता है।

### जेके टायर ने खुदरा उपस्थिति को किया और मजबूत

**संवाददाता** देहरादून। ट्रक, बस रेडियल सेगमेंट में भारतीय टायर उद्योग की अग्रणी एवं मार्केट लीडर जेके टायर एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी खुदरा उपस्थिति का ओर विस्तार करते हुऐ की केएमएस के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है, जिसके एक हजार से ज्यादा आउटलेट्स है एवं भारत का सबसे बड़ा डिजिटल ऑटोमोटिव आफ्टरमार्केट प्लेटफार्म भी है। दिनेश दासानी, वीपी–रिप्लेसमेंट सेल्स, जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा, देश भर में हमारे सेवा पोर्टफोलियो रेंज को मजबूत करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात किए जाएं बैंक मित्रः सीएस

**निर्देश**

■ राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तराखण्ड की 77 वीं बैठक सम्पन्न

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. सन्धु की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तराखण्ड की 77 वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी बैंकों को बैंक मित्र नियुक्त करने हेतु निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए पैदल बहुत लम्बा रास्ता तय करना होता है। सरकारी योजनाओं एवं बैंकिंग सुविधाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भी मिल सके इसके लिए बिजनेस कारेसपोंडेंस (बैंक मित्र) तैनात किए जाएं। स्थानीय लोगों को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके।



मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके इसके लिए जनजागरूकता फैलायी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्षिक ऋण योजना के अन्तर्गत फार्म सेक्टर एवं अन्य प्राथमिक क्षेत्रों पर भी फोकस किया जाए, साथ ही, एसएलबीसी को ऋण जमा अनुपात में सुधार लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में ऋण जमा अनुपात 40 से कम है, उन जनपदों की लगातार मॉनिटरिंग कर इसे बढ़ाने के प्रयास किए जाएं।

मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत स्वीकृत आवेदनों को शीघ्र निस्तारण के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि युवा उद्यमियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को तकनीकी दृष्टि से मदद कराकर ही बैंकर्स से स्वीकृत कराने में सक्रिय एवं महत्त्वपूर्ण सहयोग दें। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत यूएलबी द्वारा ऋण आवेदन पत्र बैंक शाखाओं को प्रेषित करते समय आवेदक को उनका आवेदन किस बैंक को भेजा गया सहित अन्य आवश्यक जानकारियां अवश्य उपलब्ध कराई जाए।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार, प्रमुख सचिव एल. फैनई, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, श्रीमती सौजन्या, दिलीप जावलकर, क्षेत्रीय निदेशक आर. बी.आई राजेश कुमार, सहायक महाप्रबन्धक एसएलबीसी एन.एस. रावत, इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज गुप्ता सहित समस्त विभागों के सचिव एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

### दून में निकाली गई भगवान जगन्नाथ की प्रतीकात्मक रथ यात्रा

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते राजधानी देहरादून के दीपलोक कालोनी में भगवान जगन्नाथ की प्रतीकात्मक रथ यात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाए व परिवार के सुख शांति की कामना की।

सोमवार को पंडित सुबास चन्द्र सतपथी के सानिध्य में मंदिर परिसर में सूक्ष्म आयोजन किया गया। इस दौरान महापौर सुनील उनियाल गामा, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना, कैंट विधायक हरबंस कपूर शोभा यात्रा में मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए व भगवान का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर अशोक वर्मा, महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष लालचंद शर्मा व अनिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

रथ यात्रा के संयोजक संजय गर्ग ने बताया कि हर वर्ष भव्य रूप से भगवान जगन्नाथ की यात्रा शहरभर में निकाली जाती है। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त रथ खींचकर पुण्य के भागीदार बनते हैं। भगवान जगन्नाथ के अलावा भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा भी उनके साथ रथ पर सवार होकर निकलते हैं।

# योजनाओं में न बरती जाय ढिलाई और कोताही

**बैठक**

■ लाभार्थियों के चैक वितरण का कार्य 17 जुलाई 2021 तक पूरा किया जाय

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास, मंत्री रेखा आर्या द्वारा विधान सभा स्थित सभा कक्ष में विभागीय समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं में किसी प्रकार की ढिलाई और कोताही न बरती जाय।

समीक्षा बैठक में मंत्री द्वारा विभागीय अधिकारियों के साथ महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत नन्दा गौरा योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना, सैनेटरी नैपकीन योजना विषय पर चर्चा की गई।



बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के चैक वितरण का कार्य 17 जुलाई 2021 तक पूरा किया जाय। इस योजना का औपचारिक शुभारम्भ मुख्यमंत्री द्वारा 17 जुलाई 2021 तक किया जायेगा। इस योजना में 2000 लाभार्थियों का चयन किया गया है जिनमें से 500 आवेदन अभी तक प्राप्त हुये है। इस योजना के सम्बन्ध में मंत्री ने निर्देश दिये कि लाभार्थियों की जॉच कर चिन्हिकरण कर लें एवं खाता सम्बन्धी कार्य को पूर्ण कर जिलाधिकारी से स्वीकृति प्राप्त कर लें।

बैठक में मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना में योजना से सम्बन्धित किट का वितरण का कार्य सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। इस योजना का औपचारिक शुरूआत सम्भावित 14 या 15 जुलाई 2021 को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। नन्दा गौरा योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। योजना मे 200 करोड रूपये की बजट मॉग की गई है। योजना को पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल रूप दिया जायेगा।

सैनेटरी नैपकीन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि ग्रामीण महिलाओं तक अधिक से अधिक संख्या में जिला कार्यक्रम अधिकारी नैपकीन वितरण सुनिश्चित करें। महिलाओं के प्रति स्वच्छता का संकल्प पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

### नेपाली फार्म में टोल प्लाजा बनाने के विरोध में धरना प्रदर्शन समाप्त

**संवाददाता** रायवाला। नेपाली फार्म में टोल प्लाजा बनाने के विरोध में 43 दिन से जारी धरना प्रदर्शन और क्रमिक अनशन सोमवार को समाप्त हो गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के एक पत्र का हवाला देकर तहसीलदार ने अनशन समाप्त करवाया। धरना स्थल पर पहुंची अमृता शर्मा ने बताया कि वर्तमान में केवल लच्छीवाला टोल प्लाजा संचालित है तथा राष्ट्रीय राजमार्ग 58 अंतर्गत वर्तमान में अन्य टोल प्लाजा संचालित किए जाने के लिए अग्रिम आदेश प्राप्त नहीं है। लिहाजा नेपालीफार्म में टोल प्लाजा संचालित करने की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। तहसीलदार अमृता शर्मा ने समिति के अध्यक्ष विजय पाल सिंह रावत एवं अन्य आंदोलनकारियों को जूस पिलाकर अनशन तुड़वाया।

In a Digital World Why To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।